Bipin Nambiar
(SBI PO 2018)
Shiraz Khan
(SBI Clerk 2018)
Kuldeep Yadav
(SBI PO 2018)
Rajat Saxena
(IBPS Clerk 2018)
Anupam Tyagi
(IBPS PO 2018)
FRIENDS!
WE USED TESTZONE
AND CRACKED BANK EXAMS
बैंक परीक्षाओ के लिए निश्चित रूप से सर्वश्रेष्ट मॉक टेस्ट सीरीज
IT'S YOUR TURN NOW
TAKE A FREE MOCK TEST
Smartkeeda
The Question Bank

Hindi Cloze Test Quiz 3

दिशानिर्देश: नीचे दिए गए पदों में कुछ शब्द छोड़ दिए गए है, प्रत्येक परिच्छेद के सामने पाँच विकल्प दिए गए हैं, इन पाँचों में से कौन-सा विकल्प रिक्त स्थान की पूर्ति करेगा?

आज वर्तमान समय में युवा नशे के चंगुल में ______ A ______ जा रहे है। वर्तमान समय में युवा वर्ग में युवकों के साथ-साथ युवतियाँ भी बहकते कदमो से लड़खड़ाती बेपरवाह जिंदगी एवं संस्कृति से कोसो दूर होती जा रही है। आज युवा वर्ग अपने इस गलत ______ B ______ को "स्टाइलिश लाइफ" कहने से भी पीछे नहीं हटता है। होश तब आता है जब चिड़िया खेत चुग लेती है। शरीर साथ नहीं देता, उपचार की नौबत आ जाती है और व्यक्ति मौत की ______ C ______ पर खड़ा हो जाता है। इस बुरी ______ D ______ से केवल सेवन कर्ता ही हानि नहीं उठाता बल्कि उससे जुड़े हर इंसान को कष्ट झेलना पड़ता है। युवाओं के परिवार को समाज की शर्मिंदगी भी झेलनी पड़ती है। किसी भी माँ-बाप के लिए अपने पुत्र या पुत्री को नशे के चंगुल में फस कर मरते हुए देखना सबसे ______ E ______ होता है।

A.

A. धंसता B. फंसता C. A और B दोनों
D. रहने E. इनमे से कोई नहीं

B.

A. रहन-सहन B. तरीके C. आदत
D. उपरोक्त सभी E. इनमे से कोई नहीं

C.

A. कगार B. असर C. परवाह
D. दहलीज E. A और D दोनों

D.

A. लत B. आदत C. कर्तव्य
D. A और B दोनों E. कहानी

E.

A. खुशदायक B. आनंददायक C. कष्टदायक
D. A और B दोनों E. उपरोक्त सभी

Smartkeeda The Question Bank

Correct answer:

1	2	3	4	5
C	D	E	D	C

Explanation:

1. उपरोक्त गद्यांश में नशे में धंसते हुए आज के युवा वर्ग की दशा का जिक्र किया गया है।यदि हम विकल्प A और B के शब्द का प्रयोग दिए गए रिक्त स्थान के स्थान पर करते है तो हमे शब्द-समूह "चंगुल में धंसता " तथा "चंगुल में फंसता " प्राप्त होता है जो कि वाक्य का अर्थपूर्ण आशय व्यक्त करने में सक्षम है। यदि हम विकल्प D के शब्द का प्रयोग दिए गए रिक्त स्थान के स्थान पर करते है तो हमे शब्द-समूह "चंगुल में रहने जा रहे है" प्राप्त होता है जो कि वाक्य का अर्थपूर्ण आशय प्रकट करने में असमर्थ है।

   अतः विकल्प C सही है।

2. दिए गए विकल्पों में से यदि हम सभी विकल्पों के शब्दों का प्रयोग उपरोक्त गद्यांश के रिक्त स्थान के स्थान पर करते है तो हमे यह ज्ञात होता है कि विकल्पों के सभी शब्द वाक्य का पूर्ण आशय प्रकट करने में समर्थ है।

   अतः विकल्प D सही है।

3. उपरोक्त गद्यांश के अध्ययन से हमे यह ज्ञात होता है कि इस गद्यांश में आज के युवा वर्ग के नशे की चंगुल में पूरी तरह से कैद हो चुका है। गद्यांश में उस दु:खद परिस्थिति का वर्णन किया गया है जब इंसान पूर्ण रूप से नशे की गिरफ़्त में आ जाता है, जब उसका शरीर साथ नहीं देता और एक तरह से वह अपने मौत की दहलीज या मौत की कगार पर खड़ा रहता है।अतः सभी विकल्पों के शब्दों के गहन अध्ययन से हमे यह ज्ञात होता है कि समस्त दिए गए विकल्पों में से विकल्प A और D के शब्द वाक्य के इस भाग का पूर्ण आशय प्रकट कर रहे है।

   अतः विकल्प E सही है।

4. उपरोक्त वाक्य में युवाओ के नशे में पूर्ण गिरफ्त की हालात का वर्णन किया गया है।

   यदि हम दिए गए विकल्पों में से विकल्प A और B के शब्द का प्रयोग वाक्य के रिक्त स्थान के स्थान पर करते है तो हमे शब्द-समूह "इस बुरी लत" तथा "इस बुरी आदत" प्राप्त होता है जो की इस वाक्य का पूर्ण एवं त्रुटिरहित आशय प्रकट कर रहा है।

   यदि हम दिए गए विकल्पों में से विकल्प C और E के शब्द का प्रयोग वाक्य में दिए गए रिक्त-स्थान के स्थान पर करते है तो हमे शब्द-समूह "इस बुरी कर्तव्य" तथा "इस बुरी कहानी" प्राप्त होता है जो इस वाक्य का पूर्ण आशय प्रकट करने में असमर्थ है।

   अतः विकल्प D सही है।

5. उपरोक्त वाक्य के गहन अध्ययन से हमे यह ज्ञात होता है कि गद्यांश के उस भाग में नशे के गिरफ़्त में धंसते युवाओं के माता-पिता की परिस्थिति का वर्णन किया गया है। हालांकि अन्य विकल्पों के शब्द भी वाक्य का आशय प्रकट करने में सक्षम है परन्तु किसी भी माँ-बाप के लिए उनके नजरो के सामने उनके बच्चों हिम्मत तोड़ देना एक खुशदायक या आनंददायक पल कदापि भी नहीं हो सकता है अपितु यह उनके जीवन के सबसे कष्टदायक पलो में से एक होता है। अतः दिए गए विकल्पों में से विकल्प C के शब्द वाक्य के इस भाग का अथपूर्ण आशय प्रकट करने में समर्थ है।

   अतः विकल्प C सही है।

Smartkeeda
The Question Bank

SmartKeeda
The Question Bank
Presents
TestZone
India's least priced Test Series platform
JOIN
ALL BANK EXAMS
2020-2021 Test Series
@ Just
₹599/-
300+ Full Length Tests
Brilliant Test Analysis
Excellent Content
Unmatched Explanations
JOIN NOW